प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान3 कहा– प्रदेश को एक ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने में सहायक होगा बजट : दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिये हुई स्थगित।
2. केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लखनऊ में कहा– कौशल विकास और उद्यमशीलता बढ़ाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करने में राज्य निभा सकत हैं अहम भूमिका।
3. सवोच्च न्यायालय ने आज अहम फैसले में राज्य विधानमंडल को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में उप–वर्गीकरण की अनुमति दी।
4. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मामले में शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की याचिका की खारिज : कहा– सिविल सूट सुनवाई योग्य, 12 अगस्त को होगी सुनवाई। और
5. प्रदेश में सात नये मेडिकल कॉलेजों को मिली मान्यता : इन कॉलेजों की 600 सीटों पर नीट यूजी 2024 के अभ्यर्थियों को मौजूदा शैक्षिक सत्र में मिलेगा प्रवेश।

————————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के चौथे दिन आज विधानसभा में मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने अनुपूरक बजट पर बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है और अपनी ज्यादातर आवश्यकताओं की पूर्ति खुद करने में सक्षम हो चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के मूल बजट का आकार साढ़े सात लाख करोड़ रुपए का हो चुका है। यह 2015–16 के बजट के आकार से दोगुना है। उन्होंने कहा कि यूपी की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप प्रदेश के बजट का दायरा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि बीते फरवरी माह में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पारित मूल बजट की 44 फीसदी धनराशि जारी हो चुकी है और 20 फीसदी खर्च हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को पूरा करने उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभायेगा।

बाइट..........

*हमें 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के रूप में भारत को स्थापित करना है, तो देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य होने के नाते उ0प्र0 का भी दायित्व बनता था कि हम देश की इस स्पीड के साथ उ0प्र0 के नागरिकों की स्पीड को भी आगे बढ़ा सके और उसी स्पीड के साथ जोड़ने के लिये उ0प्र0 ने भी तय किया कि हम उ0प्र0 की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के रूप में स्थापित करेंगे और एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लिये उ0प्र0 सरकार के द्वारा जो प्रयास प्रारम्भ किये है। उ0प्र0 का यह बजट उसी की श्रृंखला का एक हिस्सा है।*

इससे पहले सदन में सपा सदस्यों ने गोरखपुर में पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी की मूर्ति स्थापित करने के लिये तैयार चबूतर को ध्वस्त करने और किसानों के लिये एमएसपी का मुद्दा उठाया। दोनों मामलों में जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्य वेल में आ गये।

उधर, विधान परिषद में आज पेपर लीक और पुरानी पेंशन का मामला उठा। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में पेपरलीक एक उद्योग बन गया है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शित और शुचिता के साथ निष्पक्ष रूप से नौकरी देने के लिये प्रतिबद्ध है। शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने पुरानी पेंशन का मामला उठाया। जवाब में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना पर सरकारी अपनी नीति स्पष्ट कर चुकी है। विधान परिषद में आज उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति लोक–प्रयोजनार्थ प्रबन्ध और उपयोग विधेयक 2024 को प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया गया। समिति दो माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

——————————

केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यम शीलता मंत्रालय ने लखनऊ में आज बजट पर चर्चा और स्किल

इंडिया मिशन के प्रशिक्षुओं का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमशीलता जयंत चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास से संबंधित कोई भी मदद चाहेगा तो मंत्रालय उसे स्वीकृत दने में देर नहीं करेगा। श्री चौधरी ने कहा कि देश में कौशल विकास और उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती है और इसमें राज्य अहम भूमिका निभा सकते हैं। बाइट.........

*समन्वयक बनाकर ग्रासरूट तक क्रियान्वयन करके उन चीजों को उन प्रयासों को सार्थक बनाने की आवश्यकता है उसमें जनभागादारी और लोगों को जागरूक करना यही सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये जब से मैने मंत्रालय संभाला है। हमने टीम में बैठक कर हमने तय किया कि ज्यादा से ज्यादा हम सीधा संवाद करेंगे। जो भी बजट में वित्त मंत्री ने प्रस्ताव रखे है कौशल विकास के उसमें एकबार फिर राज्यों की बड़ी भूमिका होनी है और इंडस्ट्रीज के साथ पार्टनरशिप मॉडल में कई राज्यों में अच्छे प्रयोग हुए हैं मैं भी प्रोत्साहित करूंगा। यूपी में भी इस काम को आगे तीव्र गति से बढ़ाये कुछ जगह प्रयोग करे उनसे सीख ले और फिर उसको सेटेप कर लो।*

कार्यक्रम में प्रदेश के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अतुल कुमार तिवारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने आज बहुमत से फैसला दिया कि राज्य विधानमंडल को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के भीतर उप–वर्गीकरण का अधिकार है।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2004 के ईवी चिन्नैया के फैसले को खारिज कर दिया। ई वी चिन्नैया ने अपने फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण का उप–वर्गीकरण भर्तियों और सरकारी नौकरियों में स्वीकार्य नहीं है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड ने अपने फैसले में ऐतिहासिक साक्ष्य का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति ऐसा वर्ग नहीं है, जिसमें सबकी

एक समान स्थिति हो। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसका उप–वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं है। अनुच्छेद 15 और 16 किसी राज्य को एक जाति का उप–वर्गीकरण करने से नहीं रोकते हैं।

———————————

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट के विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट की याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने फैसला सुनाते हुए उस दलील को अस्वीकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि वाद वरशिप एक्ट और अन्य प्रावधानों से बाधित है। साथ ही सुनवाई योग्य नहीं है। हाईकोर्ट ने माना कि सिविल सूट सुनवाई योग्य है, इस मामले में वाद बिंदु तय करने के लिए 12 अगस्त को कोर्ट ने सुनवाई का समय दिया है। हाईकोर्ट अब सभी 18 याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इस मामले में 6 जून को सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

———————————

प्रदेश में 13 में से सात नये मेडिकल कॉलेजों को एनएससी ने मान्यता दे दो है। कानपुर देहात और ललितपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को 50–50 और पांच कॉलेज को एमबीबीएस की 100–100 सीटें मिल गई हैं। इनमें बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर,

पीलीभीत और सुल्तानपुर के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इन 600 सीटों पर नीट यूजी 2024 के अभ्यर्थियों को मौजूदा शैक्षिक सत्र में प्रवेश मिल सकेगा। नीट–यूजी की काउंसलिंग 14 अगस्त से प्रस्तावित है। वहीं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में चंदौली, गोंडा, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, औरैया, कौशाम्बी के कॉलेज को एनएससी से मान्यता नहीं मिल सकी है।

————————

लखनऊ के गोमतीनगर में बारिश के बाद युगल से अभद्रता मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने आज मामले में लापरवाही बरतने वाले डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी पूर्वी और एसीपी गोमतीनगर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसके साथ ही गोमतीनगर इंस्पेक्टर, समतामूलक चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है।

————————

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पुष्प वर्षा कर आज कांवड़ियों का स्वागत किया गया। मेरठ, मुजफ्फरनगर और बागपत में अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की और व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा सहारनपुर, बुलंदशहर, अमरोहा और समेत अन्य जनपदों में कावंड़ियों

का जगह–जगह स्वागत किया गया। मुजफ्फरनगर में गंगा जल लेकर आने वाले कांवड़ियों का सैलाब उमड रहा है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*मुजफ्फरनगर जिला इस समय शिव की भक्ति में लीन है। मुजफ्फरनगर के मार्ग बम बम के जय घोष से गुजायमान है। हजारों लोग यहां कावड़ शिविरों के माध्यम से भोले के भक्तों की सेवा में जुटे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कॉवडीयों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। पुष्प वर्षा से सभी शिव भक्त श्रद्धालु अभी भूत दिखाई दिए। यहां पर इस समय श्रद्धा भक्ति सेवा का अटूट संगम देखने को मिल रहा है।*

*रणवीर सैनी, आकाशवाणी समाचार, मुजफ्फरनगर।*

————————————

पेरिस ओलंपिक मे निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री–पोजिशन शूटिंग प्रतियोगिता में आज भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वप्निल कुसाले को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री योगी ने कहा है कि यह ऐतिहासिक विजय आपके अथक परिश्रम और असाधारण खेल कौशल का प्रतिफल है। यह जीत देश के असंख्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

वहीं मेरठ की एथलीट प्रियंका गोस्वामी आज 20 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में मेडल जीतने में नाकाम रहीं। उन्होंने एक घंटा 39 मिनट 55 सेंकेड में प्रतियोगिता पूरी कर 41वां स्थान हासिल किया। वहीं प़ुरूष

**वर्ग में विकास सिंह और परमजीत सिंह क्रमशः 30वें और 37वें स्थान पर रहे।**

(समाप्त)